# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ0प्र0)

Fax.: (05452) 252344,252244
Web: www.vbspu.ac.in
Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 11362/ सामा0प्रशा0 / 2025

दिनांक : 03 .मार्च.2025

## कार्यालय–आदेश

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ई–1313 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांक–28 फरवरी 2025 के क्रम में माननीय कुलाधिपति महोदया के प्रेरणा से समाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक–07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित किये जाने का निर्देश दिये गये है। पत्र की छायाप्रति संलग्न है

उक्त पत्र में प्राप्त निर्देश के कम में माननीय कुलपति महोद्या के आदेश दिनांक–03.03.2025 द्वारा निम्नलिखित समिति का गठन किया गया है:–

1. डॉ0 जान्हवी श्रीवास्तव – नोडल अधिकारी, विश्वविद्यालय परिसर
2. प्रो0 राकेश कुमार यादव – सहायक नोडल अधिकारी, गोद लिये गये गॉव हेतु
3. डॉ0 राज बहादुर यादव, (समन्वयकNSS)–सहायक नोडल अधिकारी, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय

अतः नोडल अधिकारी / सहायक नोडल अधिकारी से अपेक्षा कि जाती है कि राज्यपाल सचिवालय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में कार्यावाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

कुलसचिव
03/3/25

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. डॉ0 जान्हवी श्रीवास्तव, विश्वविद्यालय परिसर (नोडल अधिकारी)
2. डॉ0 राकेश यादव, गोद लिये गॉव हेतु (सहायक नोडल अधिकारी)
3. डॉ0 राज बहादुर, समस्त महाविद्यालय (सहायक नोडल अधिकारी)
4. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर।
5. वित्त अधिकारी / परीक्षा नियंत्रक।
6. समस्त उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव।
7. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
8. वेबसाइट प्रभारी को इस आशय से कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1313/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा" दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे से** विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों तथा गोद लिये गावों में एक साथ आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।

3. इस सम्बन्ध में **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त दोनों शपथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**संलग्नकः यथोक्त।**

**(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

मा0 कुलपति जी
नोडल अधिकारी
03/03/25

1) डॉ0 जाह्नवी श्रीवास्तव (नोडल अधिकारी)
2) डॉ0 राजेश यादव (गोद लिए गांव) (सं0नो0)
3) डॉ0 राजबहादुर (समस्त महाविद्यालय) (सं0नो0)

03/03/25

## दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

***************************

## नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/12/25

## प्रारूप

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |